मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-243
28/07/2019

मुख्यमंत्री ने बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल श्री फागु चौहान की आगवानी की

पटना, 28 जुलाई 2019 :– आज बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल श्री फागु चौहान का पटना पहुॅचने पर पटना हवाई अड्डा पर भव्य स्वागत किया गया।

स्टेट हैंगर में बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल श्री फागु चौहान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल श्री फागु चौहान की आगवानी मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने की तथा फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

स्टेट हैंगर में बिहार के नवनियुक्त राज्यपाल श्री फागु चौहान को फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत विधानसभा अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, उद्योग मंत्री श्री श्याम रजक, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद, पंचायती राज मंत्री श्री कपिलदेव कामत, पर्यटन मंत्री श्री कृष्ण कुमार ऋषि, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, परिवहन मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, गन्ना उद्योग मंत्री श्रीमती बीमा भारती, लघु जल संसाधन मंत्री श्री नरेन्द्र नारायण यादव, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, प्रधान सचिव मंत्रिमंडल समन्वय श्री संजय कुमार, जिलाधिकारी पटना श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती गरिमा मलिक ने किया।

******